संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ऐतिहासिक AI प्रस्ताव को अपनाया

[स्रोत: द हिंदू](#)

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सतत् विकास के लक्ष्यों के अनुरूप **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)** प्रणालियों के **सुरक्षित, संरक्षित और भरोसेमंद उपयोग को बढ़ावा देने** पर केंद्रित एक ऐतिहासिक प्रस्ताव को अपनाकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है।

- यह अंगीकरण पहली बार है जब असेंबली ने AI के तेज़ी से विकसित हो रहे क्षेत्र में विनियमन को संबोधित किया है, जो वैश्विक शासन में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर दर्शाता है।
- प्रस्ताव 17 **सतत् विकास लक्ष्यों** की दिशा में प्रगति लाने के लिये AI की क्षमता को पहचानता है और सुरक्षित AI उपयोग हेतु नियामक ढाँचे तथा शासन दृष्टिकोण विकसित करने के लिये राज्यों, निजी क्षेत्रों, नागरिक समाज एवं अन्य हितधारकों के बीच सहयोग का आह्वान करता है।
- इसके अतिरिक्त असेंबली **AI प्रौद्योगिकियों तक समावेशी पहुँच प्राप्त करने और डिजिटल साक्षरता** बढ़ाने में विकासशील देशों का समर्थन करके डिजिटल विभाजन को कम करने के महत्त्व पर ज़ोर देती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि तकनीकी प्रगति से सभी को समान रूप से लाभ हो।
  - हालाँकि **महासभा के प्रस्ताव कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं हैं** , फिर भी वे वैश्विक राय के एक महत्त्वपूर्ण संकेतक के रूप में काम करते हैं।

और पढ़ें: नैतिक AI को बढ़ावा देना

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/un-general-assembly-adopts-landmark-ai-resolution